

# बामौरा गांव के पास सरकारी जमीन पर अवैध खनन

### शासन को हो रहा लाखों के राजस्व का नुकसान

**जितेन्द्र गोस्वामी**
**बदरवास, 9जुलाई।** बामौर गांव के पास लगी जे एन डी क्रेशर के लिए होने वाले अवैध खनन का मैजिक लीज में छिपा हुआ हैं प्रशासन के कुछ अफसरों से सांठ - गांठ कर शासकीय भूमि में ब्लास्टिंग कर पोकलेन से खनन होता आ रहा हैं बरसात में तो मानो उन्हें छूट मिल गई हो बारई, बामौर और धुआई की सैंकड़ों बीघा चरनोई भूमि पर खदाने बना डाली हैं कुछ वर्षों पश्चात यहां सिर्फ खदाने ही देखने को मिलेंगी।

### इधर प्रशासन सुस्त ,उधर माफिया खनन में व्यस्त

बरसात के चलते प्रशासन अभी सुस्त बना हुआ है जिसका भरपूर फायदा बामौर गांव पर लगी क्रेशर संचालकों को हो रहा हैं वह विना रोक - टोक के शासकीय भूमि में व्यापक पैमाने पर खनन करने में लगे हैं अगर जल्द ही इस अवैध खनन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कसा गया तो यह सैंकड़ों बीघा शासकीय भूमि को खोद डालेंगे।

क्रेशरों के लिए पत्थर निकालने शासकीय भूमि में होने बाली ब्लास्टिंग नियमों की अनदेखी हैं इससे कई ग्रामीणों के घरों में दरारें तक आ गई फिर भी यह सिलसिला नहीं थमा, चरनोई भूमि में पाताल तोड़ खदाने बना डाली हैं प्रशासन के कुछ नुमाइंदों के मिले होने के संकेत भी मिल रहे हैं हर माह के इस करोड़ों के खेल में कई लोग शामिल हैं ग्रामीणों की माने तो शासकीय भूमि में बिना रॉयल्टी के पत्थर का खनन कर शासन को भी राजस्व का घाटा हो रहा है ।

### उपचार कराने मार्ग व्यय के लिए सहायता प्रदान

**श्योपुर।** जिलाधीश अर्पित वर्मा द्वारा मुस्तकीम अली निवासी श्योपुर को उपचार हेतु मार्गव्यय के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से 3 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार भानूप्रताप कुशवाह निवासी लक्ष्मणपुरा विजयपुर को दिव्यांग पुत्र स्वास्तिक के लिए दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

## समग्र ई-केवाईसी कराना अनिवार्य : सीएमओ भदकारिया



**शिवपुरी।** नगर परिषद रन्नौद द्वारा क्षेत्र के नागरिकों के हित में समग्र ई-केवाईसी कराने की सुविधा नगर परिषद कार्यालय में प्रारंभ की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु कुमार भदकारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन नागरिकों ने अभी तक अपनी समग्र आईडी की ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे नगर परिषद कार्यालय में आकर यह कार्य नि:शुल्क करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार समग्र आईडी को आधार से लिंक कराना (ई-केवाईसी) अनिवार्य है। ई-केवाईसी पूर्ण न होने की स्थिति में नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिनकी समग्र ई-केवाईसी शेष है, वे शीघ्र नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर यह प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।

# रन्नौद नगर परिषद ने समग्र ई-केवाईसी में जिले में पाया पहला स्थान तो सीएम हेल्पलाइन में ए ग्रेड

### कोलारस एसडीएम व सीएमओ की भूमिका सराहनीय



**जितेन्द्र गोस्वामी**
**शिवपुरी, 9जुलाई।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और रन्नौद नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु कुमार भदकारिया के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम नगर परिषद रन्नौद की हालिया उपलब्धियों के रूप में सामने आया है।

बुधवार को प्राप्त ई-केवाईसी रिपोर्ट के अनुसार नगर परिषद रन्नौद ने राशन मित्र पोर्टल की ई-केवाईसी प्रक्रिया में 89 प्रतिशत सफलता के साथ कोलारस अनुविभाग के नगरीय क्षेत्रों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदर्शन जिले की अन्य नगर परिषदों और पालिकाओं की तुलना में उल्लेखनीय है। इस सफलता के पीछे एसडीएम श्री श्रीवास्तव द्वारा ई-केवाईसी कार्यों की सतत निगरानी, स्पष्ट निर्देश और सीएमओ श्री भदकारिया की सक्रियता, उनकी टीम की प्रतिबद्धता एवं प्रशासनिक समन्वय प्रमुख कारक रहे हैं।

नगर परिषद ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड रेटिंग प्राप्त की है। साथ ही समग्र ई-केवाईसी में 79.30 प्रतिशत सफलता के साथ परिषद ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। नगर परिषद रन्नौद की यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता का परिचायक है और यह सिद्ध करती है कि यदि मार्गदर्शन प्रभावी हो और कार्यशैली लक्ष्य आधारित हो, तो किसी भी योजना में सफलता पाई जा सकती है। यह उपलब्धि जिले के अन्य नगरीय निकायों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकती है।

### 4 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** थाना सुभाषपुरा पुलिस ने चार वर्ष से फरार चल रहे स्थायी वारंटी रामकिशन लोधी निवासी ग्राम इमलिया भरतपुर (थाना पिछोर) को गिरफ्तार कर न्यायालय ग्वालियर में पेश किया है। जिले में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में न्यायालय से जारी वारंटों के तहत फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण क्रमांक 1335/21 में रामकिशन लोधी के विरुद्ध स्थायी वारंट न्यायालय ग्वालियर से जारी किया गया था, जिसे थाना सुभाषपुरा में तामीली हेतु भेजा गया था। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी राजीव कुमार दुबे के निर्देशन में टीम रवाना की गई और वारंटी को ग्राम इमलिया भरतपुर (पिछोर) से गिरफ्तार किया गया।

# गुरु पूर्णिमा उत्सव का हुआ आयोजन, गुरु महिमा पर डाला प्रकाश




**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 9 जुलाई।** पुरातन काल से चले आ रहे गुरु शिष्य परम्परा तथा गुरु और गुरु पूर्णिमा के महत्व तथा गुरु के सम्मान और महिमा से विद्यार्थियों को अवगत कराने हेतु बदरवास के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं, शिक्षाविदों द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन कर प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन और अतिथि स्वागत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात रामकथा मर्मज्ञ आचार्य कृष्णगोपाल शास्त्री और सेवानिवृत व्याख्याता दिनेश शर्मा रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना शिक्षिका शशि गुप्ता और गुरु महिमा गीत ममता यादव ने प्रस्तुत किया। आचार्य कृष्णगोपाल शास्त्री ने छात्राओं को गुरु पूर्णिमा और गुरु महिमा के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु शब्द अनंत है। बिना गुरु के कल्याण नहीं हो सकता। उन्होंने गुरु को ही सृजक, पालक और अंधकार का संहारक बताया।

उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है ।गुरु का स्थान हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र है ।प्रथम गुरु माता है। सेवानिवृत व्याख्याता दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु का स्थान सर्वोच्च है और हमें उनका सदैव सम्मान करते हुए प्रेरणा लेना चाहिए। शर्मा ने छात्राओं को समझाते हुए कहा कि गुरु ही मार्गदर्शक होता है ।शिक्षक गोविन्द अवस्थी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में आदिकाल से ही गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है और बिना गुरु ज्ञान के मानव अधूरा है। गुरु अपना सर्वस्व शिष्यों पर उड़ेलकर सदैव उनकी भलाई की कामना करता है। विद्यार्थियों के मन में गुरुओं के प्रति सदैव समर्पण, श्रद्धा और विश्वास का भाव होना चाहिए। प्राचार्य चंद्रवीर सिंह सेंगर ने कहा कि अगर हमें कुछ पाना है तो हमेशा शिक्षकों और गुरुओं का आदर सम्मान से मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर चंद्रभान श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, बसंती मिंज, उदय सिंह रावत, विनीता कुशवाह, कपिल परिहार, मिथलेश मीणा, महेंद्र कुशवाह, हरवीर यादव, निर्मला शर्मा, दलवीर सिंह, हितेंद्र कुशवाह, शालिनी श्रीवास्तव, बलराम परिहार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# पैरामेडिकल उत्तीर्ण विद्यार्थी देश की प्रगति में योगदान देंगे : अधिष्ठाता डॉ परमहंस

### उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं अध्ययनरत विधार्थियों का प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 जुलाई।** राजमाता विजया राजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा उत्कृष्ट विधार्थी सम्मान समारोह एवं अध्ययनरत विधार्थियों प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विगत वर्ष के पैरामेडिकल के उत्तीर्ण उत्कृष्ट विधार्थियों को सम्मानित किया गया एवं उत्तीर्ण विधार्थियों को मंच पर बुलाकर उनके जूनियर्स के सामने विचार और अनुभव साझा कराए गए।

सर्वप्रथम पैथलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.अपराजिता तोमर, डॉ.हेमलता बामोरिया, डॉ.विधानंद पंडित, डॉ.पारूल नेमा, डॉ शिल्पा मोटघोरे, डॉ.सीपी जैसवाल, डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.जितेंद्र साहू द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉ.डी.परमहंस ने कहा कि आप एक ऐसी पढ़ाई कर रहे हैं जिसकी जांच के आधार पर रोग के निदान कर चिकित्सक द्वारा मरीज़ उपचार किया जाता हैं। आप अपने कार्य को पूर्णत: ईमानदारी और निष्ठा भाव से करेंगे ताकि आप देश की प्रगति में अपना योगदान दें सकेंगे।

वहीं कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ.आशुतोष चौरिषी ने उत्तीर्ण हुए विधार्थियों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वहीं अध्ययनरत विधार्थियों को खूब मेहनत कर एकाग्रता से पढ़ाई करने को कहा। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.अपराजिता तोमर ने अपने सम्बोधन में कहा कि विधार्थी स्वच्छ व स्वस्थ मन और धैर्य के साथ पढ़ाई करें, पढ़ाई लिखाई में कोई औपचारिकता नहीं करें। आपका संघर्ष हीं आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। वहीं डॉ अपराजिता तोमर ने विगत वर्ष उत्तीर्ण हुए विधार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी और कहा कि जहां भी आप नौकरी करें वहां अपने ज्ञान और कौशल से शिवपुरी मेडिकल कॉलेज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में पैथोलॉजी विभाग से डॉ हेमलता बामोरिया, डॉ.विधानन्द पंडित, डॉ.पारूल नेमा, डॉ.सीपी जैसवाल, डॉ.शिल्पा मोटघोरे, डॉ.गौरव शर्मा, डॉ. जितेंद्र साहू, लैंब टेक्नीशियन बबलेश कुमार जाटव, विजय रघुवंशी, रामेश्वर जोशी, राम वर्मा, योगेश दुबे, श्रीमती मधु पाल, सोनू सेमिल, दीप मिश्रा, ऋषिकेश रावत, मोनू पाठक, शुभम जैन, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन छात्रा विशाखा राजे, शाहिदा खान द्वारा किया गया वहीं आभार व्यक्त पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ अपराजिता तोमर ने किया।

# पुलिस एवं आर्मी अधिकारियों नें बिस्फोटक सामग्री के बारे मे जागरुक किया



**नवभारत न्यूज**
**पिछोर, 9जुलाई।** आर्मी कैंट बबीना की यूनिट और पिछोर पुलिस के द्वारा आर्मी की फील्ड फायरिंग रेंज से लगे हुए गांवों में पुलिस और आर्मी के अधिकारियों ने पहुंच कर ग्रामीण जनों से संवाद किया और उन्हें बताया कि फील्ड फायरिंग रेंज से लगे हुए गांव के लोग अक्सर फायरिंग रेंज में अंदर चले जाते हैं और कई बार चोरी करना, लकड़ी काटना और रेत भरने जैसी शिकायतें आती हैं जो कि पूरी तरह से गैरकानूनी है। आज के इस संयुक्त ऑपरेशन में पिछोर पुलिस और बबीना आर्मी की यूनिट के जवानों ने संबंधित गांवों में फ्लैग मार्च भी निकाला और गांव वालों को आगाह किया कि आगे से फील्ड फायरिंग इलाके में अवैध गतिविधि करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा आर्मी के अफ़सरों ने बताया कि चूंकि यह एरिया उनकी फायरिंग रेंज का है तो यहां पर कई बार उनके विस्फोटक आइटम्स भी वहां पड़े रहते हैं जिन्हें अनजाने में गांव वाले उठा लेते हैं और उनको तोड़ने पर कई बार उनमें विस्फोट हो जाता है जिससे बड़ी दुर्घटना भी घट जाती है इसलिए ऐसा ना करें। इंडियन आर्मी और पिछोर पुलिस के इस संयुक्त ऑपरेशन में मेजर हर्षवर्धन सिंह हुड्डा के साथ पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा, थाना प्रभारी पिछोर जितेंद्र मावई, थाना प्रभारी मायापुर नीतू सिंह, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर संजय लोधी चौकी प्रभारी खोड कुसुम गोयल और अन्य स्टाफ शामिल रहा।

### धान की रोपाई के लिए पानी छोड़ने सहित अन्य मांगों कों लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

**दतिया।** खरीफ सीजन में खेतों की सिचाई के लिए नेहरो में पानी छोड़ने सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में एडीएम महेंद्र सिंह कपचे को एक ज्ञापन सौपा ज्ञापन में कई मांगे प्रशासन के समक्ष रखी गई है । ज्ञापन सौंपने में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर ने कहा कि किसानों की मांगे तत्काल प्रभाव से हल नहीं की गई। तो मुझे विवस होकर आंदोलन करना पड़ेगा। ज्ञापन में रखी गई मांगे दतिया जिला के अधिकांश क्षेत्र में किसानों के धान की रोपाई के लिए संपूर्ण तैयारी कर ली है और बांधो में पर्याप्त पानी होने के बाद भी सिंचाई विभाग द्वारा किसानों को समय पर पानी न छोड़ने के कारण किसानों को धान की रोपाई में काफी परेशानियां रहीं है तत्काल प्रभाव से किसानों को धान की रोपाई के लिए पानी छोड़ा जावे।

# दिव्यांग छात्रों को मिले सहायक उपकरण, बढ़ाया आत्मनिर्भरता की ओर कदम

### सरकार विशेष सुविधाएं देकर बना रही दिव्यांग छात्रों का भविष्य उज्वल : भार्गव



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9जुलाई।** जनपद शिक्षा केंद्र कोलारस के सभागार में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला परियोजना समन्वयक एवं बीआरसीसी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा शिक्षा सह-संयोजक एवं समाजसेवी ओ. पी. भार्गव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मंगल कुशवाह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद होतम सिंह जाटव तथा बीआरसीसी के. पी. जैन मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। संचालन बृजेश गोलिया द्वारा किया गया एवं स्वागत भाषण बीआरसीसी प्रभारी के. पी. जैन ने दिया। मुख्य अतिथि ओ. पी. भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार दिव्यांग छात्र-छात्राओं को तकनीकी उपकरण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। उन्हें छात्रवृत्ति, नि:शुल्क पुस्तकें और यात्रा की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। डॉक्टरों की उपस्थिति में जबलपुर की एलएम टीम द्वारा दिव्यांग छात्रों को किट, कृत्रिम अंग, कैलिपर शूज, दृष्टिबाधितों के लिए ब्लाइंड स्टिक एवं श्रवण यंत्र वितरित किए गए। भार्गव ने बीआरसीसी के. पी. जैन और उनकी टीम की सराहना की। मंडल अध्यक्ष मंगल कुशवाह ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में दिव्यांग विद्यार्थियों को हरसंभव सहायता दे रही है, और पालकों को चाहिए कि वे बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। बीआरसीसी के. पी. जैन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं को समझते हुए इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ सामान्य जीवन में भी आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि उनकी टीम का उद्देश्य है कि किसी भी दिव्यांग छात्र को संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न होना पड़े। कार्यक्रम में भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव सहित दिव्यांग प्रभारी श्रीलाल जाटव, सुनील सरदार, श्रीनिवास शर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, गजेन्द्र धाकड़, राकेश जाटव, सीएससी प्रतिनिधि, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन बीआरसीसी के.पी. जैन ने किया।

# फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण




**पोहरी।** पोहरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, और विकास संवाद के संयुक्त तत्वावधान में टीबी (तपेदिक) परियोजना के तहत 10 ग्रामों के फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीबी उन्मूलन में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की भूमिका को सशक्त करना था। प्रशिक्षण में बीएमओ दीक्षांत गुदेनिया, सीडीपीओ नीलम पटेरिया, विकास संवाद भोपाल से श्रीमती आरती पाराशर, आमिर खान, अजय यादव, मनोज कुशवाहा, और विनीता भार्गव प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला समन्वयक अजय यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आपसी परिचय के साथ परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। इसके उपरांत, श्रीमती आरती पाराशर (विकास संवाद) ने आज के प्रशिक्षण के लक्ष्यों और विकास संवाद द्वारा संचालित परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी। बीएमओ दीक्षांत गुदेनिया ने टीबी को समुदाय से खत्म करने में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समुदाय में टीबी के उन्मूलन के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आवश्यक है। उन्होंने बताया कि फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर योजना और आपसी समन्वय से हम अपने गांवों से टीबी को समाप्त कर सकते हैं। बीईई आमिर खान ने टीबी की रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए गर्भावस्था से लेकर बच्चों के 5 साल तक की निगरानी और देखभाल के महत्व को समझाया। उन्होंने जन्म के तुरंत बाद बीसीजी टीकाकरण, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, ग्रोथ मॉनिटरिंग और पोषण देखभाल को आवश्यक बताया। एसटीएस मनोज कुशवाहा ने टीबी के लक्षणों, जांच, उपचार और टीबी मरीज की घर पर देखभाल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### चतुर्थ वर्षावास कार्यक्रम 2025 का प्रारम्भ कल से

**इन्दरगढ़।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क / बुद्ध मैंन बाजार इन्द्ररगढ़ में संचालित समिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति सर्व जाटव समाज कल्याण संस्थान के द्वारा चतुर्थ वर्षावास कार्यक्रम वर्ष 2025 के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ बडे धूम-धाम से कल दिनाँक 10 जुलाई 2025 को होगा, कार्यक्रम का समापन कुवांर की पूर्णिमा को किया जावेगा, उक्त कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क एवं बुद्ध विहार संचालित समिति की दोनो समिति पंजीकृत संस्था एवं निर्वाचित संस्था करेगीं। दोनों समितियों ने पूज्य भन्ते धम्मप्रिय जी से वर्षावास प्रारम्भ करने हेतु अनुमति मांगी, दोनों समितियों ने अपनी-अपनी ओर से एक-एक सदस्य मैनेजमेन्ट हेतु नियुक्त किया है जिसमें जहेन्द्र जाटव को दानराशि एकत्रित कर वर्षावास के आयोजन में खर्च की जिम्मेदारी दी और राहुल राजौरिया एडवोकेट को सम्पूर्ण आय-व्यय संबंधित लेखा-जोखा, समस्त समिति से संबंधित विधिक कार्यवाही हेतु नियुक्त किया गया है। बैठक में दोनों समितियों ने विधिवत ठहराव प्रस्ताव डालकर एक दूसरे का समर्थन किया तथा कार्यक्रम सफल बनाने हेतु नगर एवं आस पास क्षेत्र वासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा धम्म प्रेमी रोज उपस्थि हों और कार्यक्रम को सफल बनायें।

# शिवपुरी के 294 बीएलओ ने सीखा मतदाता सूची का शुद्धिकरण

### पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय चरणबद्ध प्रशिक्षण हुआ संपन्न, बीएलओ एप की भी दी जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9जुलाई।** जिले की शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के 294 मतदान केन्द्रों पर तैनात बीएलओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चरणबद्ध शहर के माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 7 जुलाई से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बीएलओ को मतदाता सूची के शुद्धिकरण संबंधी कार्यवाही को लेकर मास्टर ट्रेनर व अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुपम शर्मा एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिद्धार्थभूषण शर्मा के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर गजेन्द्र सक्सेना, राकेश शाक्य, राजीव दुबे, राघवेन्द्र गर्ग, चैतन्य राजपूत द्वारा प्रशिक्षित किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में एईजीएम राजवीर सिंह यादव, सहायक प्रोग्रामर रोहित थामस, धम्मदीप बौद्ध, डाटा एंट्री ऑपरेटर हरेन्द्र प्रजापति, पवन राय सहित निर्वाचन शाखा प्रभारी संजय दुबे व रिषभ जैन की विशेष भूमिका रही। चरणबद्ध इस प्रशिक्षण में 7 जुलाई को मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 100 तक, 8 जुलाई को 101-200 तक व 9 जुलाई को 201-294 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा इस प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम व फेसबुक अकाउंट को बीएलओ से फॉलो करवाया गया। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण व आयोग द्वारा प्रदत्त पीपीटी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया गया। जिसमें हाउस टू हाउस सर्वे करना, फार्म नं. 6,7 एवं 8 की जानकारी बीएलओ एप के माध्यम से भरना शामिल था। प्रशिक्षण के अंत में बीएलओ का ग्रुप बनाकर ऑनलाईन 20 प्रश्नों की प्रश्नावली भी आयोजित की गई।